अमर उजाला

https://www.amarujala.com/photo-gallery/madhya-pradesh/shivpuri/mp-news-modi-jacket-made-in-badarwas-is-in-demand-all-over-the-country-2024-03-01

MP News: बदरवास में बनी मोदी जैकेट की डिमांड पूरे देश में, 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया यहां का कारोबार

अमर उजाला, न्यूज डेस्क, शिवपुरी Published by: दिनेश शर्मा Updated Fri, 01 Mar 2024 04:45 PM IST

1 of 3

शिवपुरी में बने मोदी जैकेट की मांग बढ़ी है। - फोटो : सोशल मीडिया

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के बदरवास में बन रही मोदी जैकेट पूरे देश में सप्लाई हो रही है। बदरवास में करीब 25 साल पहले जैकेट बनने लगे और अब यह कारोबार 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर रहा है। इसमें भी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी के नाम पर बने जैकेट खास तौर पर तैयार हो रहे हैं। इस कारोबार में करीब दो हजार परिवारों को रोजगार मिला है।

जैकेट बनाने का यह सिलसिला वर्ष 2000 के आसपास शुरू हुआ। एक रेडिमेड व्यापारी ने पुरुष कारीगरों से जैकेट बनवाई। इसे बेचना शुरू किया। लोगों को यह जैकेट पसंद आई और धीरे-धीरे यह जैकेट्स आसपास के राज्यों में भी लोकप्रिय हो गई। अब सैकड़ों व्यापारी शिवपुरी जिले के बदरवास से जैकेट थोक में लेकर जाते हैं और पूरे देश में इसकी सप्लाई चेन बन चुकी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने इस काम में अब स्वसहायता समूहों को भी जोड़ लिया है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।